>

Title: Need to provide additional funds under Multi-sectoral District Development Plans for minority concentration areas of Barabanki Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): भारत सरकार के मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेंट प्लान के अंतर्गत देश के सभी मुस्लिम बाहुल्य जिलों में बजट का आवंटन किया गया था, जिसमें मेरा लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी भी आता है। जनपद के विभिन्न कार्यों के लिए 5170.00 लाख रूपए का परिव्यय आरक्षित किया गया था, जिसमें से 5077.65 लाख रूपए का कार्य पूर्व में स्वीकृत बताया गया है तथा शेष 92.79 लाख रूपए के कार्य का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास लम्बित है। इस प्रकार बाराबंकी जनपद के लिए भारत सरकार द्वारा सेक्टोरल डेवलपमेंट प्लान के अंतर्गत स्वीकृत कुल बजट समाप्त हो गया है। जिले की स्थिति को देखते हुए और अधिक बजट देने की आवश्यकता है।

अतः मेरा निवेदन है कि जनपद के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र की आवश्यकताओं को देखते हुए पूर्व के भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार किन्तुर, सुबेहा, हसनपुर टांडा, लालपुर करोता, गणेशपुर, हैदरगढ़, बांसा, भयाराके लिए बालिका इण्टर कॉलेज खोलने जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यों के लिए अतिरिक्त धनराशि का आवंटन किया जाए, ताकि बाराबंकी जैसे पिछड़े अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र में समुचित विकास कार्य किया जा सके, जो अन्य जनपदों के मुकाबले अधिकांश विकास मानकों में पिछड़ा हुआ है। संतुलित विकास तथा इस जनपद की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष सहायता के रूप में अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया जाए।